सरकार और क्यूसीआई के बीच हुआ समझौता • दुनिय

ओडीओपी उत्पादों की गुणवत्ता परखी जाएगी

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में बुधवार को उनके सरकारी आवास पर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'एक जनपद-एक उत्पाद' योजना के तहत सूक्ष्म, लघु, मध्यम, उद्यम एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग और क्वालिटी काउन्सिल आफ इंडिया (क्यूसीआई) के बीच करार पर हस्ताक्षर हुआ। इस करार से ओडीओपी के उत्पादों की गुणवत्ता का मानक क्यूसीआई के माध्यम से तय होगा।

एमओयू के तहत क्यूसीआई सभी ओडीओपी उत्पादों के लिए घरेलू और निर्यात बाजारों के लिए गुणवत्ता मूल्यांकन और मापदंडों की पहचान का विकास करेगा। निर्धारित गुणवत्ता ढांचे के अनुसार ओडीओपी उत्पादों के परीक्षण की सुविधा के लिए क्यूसीआई प्रत्येक ओडीओपी उत्पाद के लिए आवश्यक परीक्षण की पूरी सूची तैयार करेगा।

क्यूसीआई सभी हितधारकों (कारीगरों, एमएसएमई इकाइयों और ओडीओपी अधिकारियों) के लिए संवेदीकरण कार्यशालाओं के संचालन के लिए एक व्यापक मॉड्यूल भी विकसित करेगा। क्यूसीआई द्वारा ओडीओपी उत्पादों के लिए विकसित गुणवत्ता मानकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इस करार से दुनिया भर में गुणवत्तापूर्ण ओडीओपी उत्पादों को पहुंचाने में मदद मिलेगी।

करार

बाजार के लिए गुणवत्ता ढांचे का विकास होगा

प्रदेश सरकार की ओर से सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव नवनीत सहगल तथा क्यूसीआई की ओर से सेक्रेटरी जनरल डा. आरपी सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर खादी एवं ग्रामोद्योग, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह भी मौजूद थे। प्रदेश में निर्मित केवीआईबी उत्पादों के संवर्धित उपयोग और बाजार के लिए गुणवत्ता ढांचे के विकास के लिए यूपी केवीआईबी और क्यूसीआई के बीच एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए।

Hindustan page 2 -5/3/20